विदेशों में भारतीय सांस्कृतिक कार्यालय खोला जाना

4353. **श्री मीठा लाल पटेल** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विदेशों में नये सांस्कृतिक कार्यालय खोलने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो किस-किस देश में; और

(ग) प्रस्ताव की मुख्य बातें क्या हैं ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : (क) और (ख). फिजी और गुयाना में विद्यमान सांस्कृतिक केन्द्रों के अलावा विदेश में नये सांस्कृतिक केन्द्र खोलने के प्रश्न की भारत सरकार जांच कर रही है ।

(ग) विदेश स्थित भारतीय सांस्कृतिक केन्द्रों में पुस्तकालय और वाचनालय कम होते हैं । प्रत्येक केन्द्र भारतीय नृत्य और संगीत तथा हिन्दी की भी नियमित कक्षाएं चलाता है और समय सयम पर फिल्म शो, व्याख्यान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है । नृत्य और संगीत के शिक्षक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कभी कभी पड़ोसी क्षेत्रों में भी जाते हैं ।

गांवों में आयुर्वेदिक अस्पतालों का खोला जाना

4355. **श्री लालजी भाई** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्यवार कुल कितने आयुर्वेदिक औषधालय हैं और वे कहां-कहां पर हैं ;

(ख) क्या सरकार छोटे-छोटे गांवों में आयुर्वेदिक औषधालय और अस्पताल खोलने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर यथासम्भव रख दी जायेगी ।

गुम हुए मनीआर्डर

4356. **श्री लालजी भाई** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रति वर्ष अनेक मनीआर्डर निर्दिष्ट स्थानों पर नहीं पहुंचते हैं ;

(ख) गत तीन वर्षों में देश में ऐसे कुल कितने मामले सामने आये हैं ; और

(ग) इन मामलों में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

संचार मंत्री (श्री बृजलाल वर्मा) :

(क) मनीआर्डरों के मार्ग में गुम हो जाने और उनकी अदायगी न होने के बारे में हर साल कुछ शिकायतें मिलती हैं । जब यह सिद्ध हो जाता है कि मनीआर्डर गुम हो गया है तो ऐसे मामलों को निपटाने के लिए तुरन्त कार्यवाही की जाती है और डुप्लीकेट मनीआर्डर जारी करके मनीआर्डर भेजने वाले/पाने वाले को, जैसा भी मामला हो, जल्द ही अदायगी कर दी जाती है ।

(ख) और (ग) यह सूचना एकत्र की जा रही है और इस यथासम्भव सभा-पटल पर रख दिया जायेगा ।

एक्यूपंक्चर पद्धति का शुरू किया जाना

4357. **श्री लालजी भाई** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में बाबा बहादुरशाह नामक एक सज्जन 'एक्यूपंक्चर' पद्धति से दमा और मिर्गी का इलाज करते हैं;